

# नगर सरकार नागरिकों को नहीं दे पा रही शुद्ध पानी,हो रहे बीमार

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** शहर में पेयजल वितरण व्यवस्था और गंदे पानी को लेकर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने नगर सरकार को घेरा। आरोप लगाया कि नगर सरकार नागरिकों को शुद्ध पानी नहीं दे पा रही है और गंदे पानी से नागरिक बीमार हो रहे हैं।

**कांग्रेस अध्यक्ष ने विशाल उपवास और प्रदर्शन में लगाए आरोप**



शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा के नेतृत्व में अलकापुरी चौराहे पर शनिवार को विशाल उपवास और धरना हुआ। इसमें कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष वर्मा ने कहा कि शहर में पिछले कई दिनों से हो रही दूषित जल की आपूर्ति और इंदौर के चर्चित 'भगीरथपुरा कांड' को लेकर रतलाम की जनता के हित में और जनता को जगाने के उद्देश्य से शहर कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने भाजपा प्रशासन को 'भ्रष्टाचारी और लुटेरा' करार दिया। आरोप लगाया कि नगर निगम जनता को शुद्ध पानी देने में पूरी तरह नाकाम रहा है, जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने भाजपा नेताओं के दोहरे चरित्र पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब कोमल नगर में बाउंड्रीवाल गिरती है तो भाजपा नेता आत्मदाह की धमकी देते हैं, लेकिन जब शहर की जनता 10 दिनों तक पानी के लिए तरसती है और सीवरेज मिला पानी पीती है, तब उनकी आवाज नहीं निकलती। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि इंदौर के 'भगीरथपुरा कांड' जैसी स्थिति रतलाम में पैदा नहीं होने दी जाएगी। कांग्रेस महामंत्री पारस सकलेचा ने सीवरेज योजना में बरती गई भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए इसे जनता के लिए जानलेवा बताया। उन्होंने कहा कि सीवरेज पाइपलाइन में घटिया सामग्री का उपयोग और तकनीकी नियमों की अनदेखी के कारण मल-मूत्र की गंदगी पीने के पानी में मिल रही है। सकलेचा ने मांग की है कि प्रशासन दूषित पानी की पीचई (पीएचई) लैब में जांच का खर्च खुद उठाए और जल ऑडिट की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाए ताकि 'भगीरथपुरा' जैसी त्रासदी दोबारा न हो। रजनीकांत व्यास, कमरुद्दीन कछवाय, राजीव रावत, सतीश पुरोहित,राकेश झालानी, सलीम बागवान, नासिर कुरैशी, हितेश पैमाल, निलेश शर्मा, शैलेन्द्र अठाना, वाहिद शैरानी, कुसुम चाहर, आशा रावत, रामचंद्र धाकड़ ने भी संबोधन किया। **ये रहे उपस्थित:** प्रदीप राठौर, शांतु गवली, महमूद शैरानी, सुजीत उपाध्याय, शाकिर खान, किशन दादा, वीरेंद्र सिंह, रोहित मीणा, डॉक्टर मुस्तफा, सत्यनारायण बैरागी, इक्का बेलूत, विजय उपाध्याय, बसंत पंड्या, मनोज पांडेय, हिम्मत जैतवार, रमेश पोरवाल, विजय पांडिया, शेरू खान, सुमित यादव, हरविंदर सिंह, सोनू व्यास सहित अन्य उपस्थित रहे। संचालन राजीव रावत व आभार अनिल पुरोहित ने माना।

**जन-आंदोलन की चेतावनी, नारेबाजी की**

वरिष्ठ नेत्री यास्मिन शेरानी और अन्य वक्ताओं ने महापौर प्रहलाद पटेल पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस क्षेत्र से उन्हें पार्षद से महापौर बनाया, आज वही क्षेत्र दूषित पानी और बदहाली की मार झेल रहा है। कांग्रेस नेताओं ने जनता से अपने अधिकारों के लिए जागने की अपील की और चेतावनी दी कि यदि जल आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ, तो यह आंदोलन और उग्र रूप लेगा। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा के धर्म के नाम पर वोट लेने और जनसमस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की।



# 20 लाख रूपए की एमडी ड्रग्स के साथ मंदसौर के 2 युवक गिरफ्तार

**जावरा/ढोढर।** जिले में एक दिन पूर्व हुई एमडी ड्रग्स की बड़ी कार्यवाही के दूसरे दिन फिर रिंगनोद थाने की माननखेड़ा चौकी पुलिस ने 200 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो लोगों को धर दबोचा है। जिला पुलिस कप्तान अमित कुमार द्वारा जिले में लगातार मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चला रखा है जिसमें पुलिस को फिर एमडी ड्रग्स पकड़ने में सफलता मिली।

**200 ग्राम ड्रग्स बरामद, पुलिस कर रही पूछताछ**

माननखेड़ा चौकी प्रभारी राजेश मालवीय ने बताया कि उन्हें शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली कि शाम को फोरलेन से एक कार में दो लोग अवैध मादक पदार्थ लेकर जाने वाले हैं। एसडीओपी संदीप मालवीय और वरिष्ठों को अवगत करवाते हुए उनके निर्देशन में फोरलेन पर घेराबंदी की। रात्रि को 8 बजे के लगभग मुखबिर द्वारा बताई गई स्विफ्ट कार जीजे 5 जेई 428 को रोका और उसमे सवार 2 लोगो को पकड़कर पूछताछ कर तलाशी ली, जिसमें उनके पास से 200 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम इफ्तार पिता इकबाल खान मुसलमान (25) और वसीम पिता यूनुस खान (25) निवासी दाऊद खेड़ी थाना वायडी नगर मंदसौर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया। जब्त एमडी की कीमत 20 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस कि कार्यवाही में चौकी प्रभारी के साथ ढोढर चौकी प्रभारी रघुवीर जोशी, प्रधान आरक्षक हर्षवर्धन सिंह, आरक्षक घनश्याम कुमावत, आरक्षक संतोष कुमार, आरक्षक अनिल डांगी, आरक्षक सुरेश उपाध्याय, आरक्षक जालम सिंह और शांतिलाल का योगदान रहा।

## एक नजर में

### दिशा समिति की बैठक आज

**रतलाम।** कलेक्टर एवं सदस्य सचिव दिशा समिति मिशा सिंह ने बताया कि 18 जनवरी को प्रातः 10 बजे दिशा समिति की बैठक सांसद सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, भूमि एवं संसाधन विभाग, सड़क/राजमार्ग विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता/दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, आदिवासी विकास/अल्पसंख्यक/पिछड़ा वर्ग विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पशुपालन और डायरी विभाग, आवास और शहरी मामलों का विभाग, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण/ उपभोक्ता मामले विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, उद्योग/कौशल विकास और उद्यमिता विभाग, खनिज विभाग, योजना एवं सांख्यिकी विभाग, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, दूरसंचार विभाग, मत्स्य विभाग, श्रम एवं रोजगार विभाग, नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा विभाग, खेल विभाग, संस्कृति विभाग एवं ई गवर्नेंस विभाग की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के जिला अधिकारियों को बैठक मे योजनाओं की अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया है।

### खेलो एमपी यूथ गेम की टॉर्च मशाल रिले 20 को रतलाम आएगी

**रतलाम।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम 2026 का आयोजन चार चरणों में ब्लॉक जिला संभाग एवं राज्य स्तर पर 13 जनवरी से 31 जनवरी तक होगा। राज्य स्तरीय आयोजन प्रदेश के 9 शहर भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, रीवा, नर्मदापुरम, सागर, एवं शिवपुरी में आयोजित किये जाएगें। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं खेल मंत्री खेल ओर युवा कल्याण मध्यप्रदेश शासन की उपस्थिति में 13 जनवरी 2026 को खेलों एम पी यूथ गेम्स का शुभंकर एवं एंथम अनावरण किया गया। इस हेतु खेलो एम पी यूथ गेम की टॉर्च मशाल रिले प्रदेश स्तर से विभिन्न जिलों में होते हुए रतलाम जिले में 20 जनवरी को प्रातः 09:00 बजे पहुंचेगी। जिसमें जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर टॉर्च मशाल रिले को शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय से प्रातः 09:30 बजे प्रारंभ कर नगर निगम चौराहा, मेहंदीकुई बालाजी, छत्रीपुल, होते हुए नेहरू स्टेडियम पोलो ग्राउंड पर सम्पन्न होगी। उक्त टार्च रिले को सफल बनाने के लिए जिला खेल अधिकारी मती रूची शर्मा ने टॉर्च मशाल रिले में जिला शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, एनसीसी,एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र मध्य प्रदेश, ओलंपिक संघ राज्य/जिला खेल संघ साथ ही विभिन्न समाजसेवी/ जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम मे उपस्थित होकर सफल बनाने के लिए आग्रह किया है।

### ताल डीएलसी पर किसानों को ई-टोकन प्रणाली की जानकारी, टोकन से हुआ खाद वितरण

**रतलाम।** ताल डीएलसी परिसर में किसानों को ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत ई-टोकन व्यवस्था की जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित किसानों को ई-टोकन जनरेट करने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के पश्चात किसानों द्वारा जनरेट किए गए ई-टोकन के माध्यम से खाद का वितरण किया गया।

### राम मंदिर बन गया, अब गौ माता की हत्या बंद कराए सरकार : बृज बिहारी सरकार



**जावरा।** अयोध्या में रामलाल का मंदिर बनवाकर भाजपा सरकार ने सनातन धर्म के लिए बहुत अच्छा काम किया है, लेकिन अब जरूरी यह भी है कि देश में जो गौ हत्याएं हो रही है उनको रुकवाया जाए और गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलवाया जाए। पूरा देश ही नहीं विश्व के सनातनी इस मांग को वर्षों से कर रहे हैं। यह बात ग्राम शुजापुर की पहाड़ी पर गौ चिकित्सालय निर्माण के शुभारंभ अवसर पर आयोजित गौ भागवत कथा के सातवे दिन आचार्य अनिकेत कृष्ण शास्त्री ब्रज बिहारी सरकार ने कही। उन्होंने कहा कि अब देश में गौ माता की हत्या प्रतिबंधित कर गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने का समय आ गया है क्योंकि इसकी मांग संत और सनातनी देशवासी आजादी के पहले से कर रहे है। इस मांग को पूरा करना सरकार का कर्तव्य बनता है। आपने कहा सम्पूर्ण भारत में गौ माता सम्मान अभियान चलाया जा रहा है इसलिए समय रहते मोदी सरकार गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करे। इधर, कथा से पूर्व बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों के बीच दिव्य दरबार लगाया और आमजनों के दु:ख दर्द को दूर करने के उपाय बताए। इस अवसर संत शिवानंद, संत हरिदास, संत योगी योगानंद आचार्य, पंडित दिनेश व्यास का सम्मान नव निर्माण गौ चिकित्सालय और कामधनु शक्ति पीठ आचार्य संत श्री गौ शरणानंद सरस्वती द्वारा किया गया। कथा अवसर पर आरती में प्रदीप उपाध्याय, जीवनसिह शेरपुर ,कृष्ण कुमार कालूखेड़ा, दिलीप शाकल्य, हरिराम शाह, दिनेश पाटीदार, रवि वोरा, देवेन्द्र शर्मा, सुभम शर्मा, किशोर शाकल्य, भूपेंद्र सिह, घनश्याम सिह राकेश सेन, पूरन सिह आदि ने आरती के लाभार्थी रहे। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र शर्मा ने दी।

### विराट हिन्दू सम्मेलन आज, निकली कलश यात्रा

**जावरा।** विराट हिन्दू सम्मेलन आज रविवार को आयोजित होगा। 8 गांव को मिलाकर यह कार्यक्रम किया जा रहा है। शनिवार को कलश यात्रा का आयोजन किया, भगवान श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर कुटिया कालूखेड़ा से यह कलश यात्रा डीजे पर भजनों और श्रीराम के जयकारो से प्रारंभ हुई, जिसमें समस्त ग्रामवासीगण कालूखेड़ा और आसपास से पधारे मातृ शक्ति साथ के साथ ही नन्हे बच्चों के सहयोग से यह यात्रा प्रारंभ की गई। यात्रा ने पूरे कालूखेड़ा का भ्रमण किया, कलश यात्रा का स्वागत गुरुकुल विद्यायल कालूखेड़ा, स्प्रिंग वुड विद्यालय कालूखेड़ा के साथ ही मंगलामुखी किन्नर परिवार गद्दीपति दीपिका दीदी के द्वारा गायरी धनगर मोहल्ला और हिंगलाज माता चौराहा कालूखेड़ा पर स्वागत किया गया। इस कलश यात्रा का समापन भगवान श्री देवनारायण मंदिर कालूखेड़ा पर किया गया।

## अवैध मादक पदार्थ के साथ दो गिरफ्तार

**आलोट।** पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए व डोडाचुरा की तस्करी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के ताल रोड डेहरी फंटा के पास डेहरी से अमन पिता जमील शेख (21) निवासी बडोद रोड आलोट व उमेर पिता तनवीर काजी (20) निवासी दरगाह मोहल्ला आलोट के कब्जे से 207.19 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए किमती 20,71900 रुपये, 05 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा किमती 82,500 रुपये जब्त की।पुलिस ने घटना मे प्रयुक्त काले रंग की पल्सर मोटर सायकल क्रमांक एमपी 13 जेडसी 0192 भी जब्त की। आलोट पर धारा 8/15, 8/22 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। कार्रवाई में सराहनीय भूमिका थाना आलोट के निरी. मुनेन्द्र गौतम थाना प्रभारी आलोट, उनि आर सी खडिया, आर सुरेन्द्र सिंह, सुनिल चुनारा, विश्वेन्द्र जाट, गोविन्दराम का सराहनीय योगदान रहा है।

## 21 प्रकार की होती है दिव्यांगता : प्रो . चौहान



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** मनोविकास विशेष शिक्षा महाविद्यालय, उज्जैन व रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगता जागरूकता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया। महाविद्यालय परिवार द्वारा उज्जैन के प्राध्यापक प्रो. योगिता शर्मा, प्रो. प्रीति सोनी,एवं प्रो शिवानी तिवारी एवं प्रो. जूही चौहान का स्वागत रेड क्रॉस प्रभारी डॉ मधु गुप्ता, डॉ स्वर्णलता नागर द्वारा किया गया।

**कन्या महाविद्यालय में दिव्यांगता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित**

सहायक प्राध्यापक जूही चौहान ने बताया कि 21 प्रकार की दिव्यांगता होती है। इस महाविद्यालय में विशेष शिक्षक तैयार किए जाते है, जो उन दिव्यांग बच्चों को समझे और उन्हें पढ़ाएं, विशेष शिक्षक अपने दिव्यांग बच्चे को इस तरीके से प्रशिक्षित करते है कि वो समाज की आम धारा से जुड़ सके। 12 वीं के बाद डिप्लोमा व स्नातक के पश्चात बी.एड. इस महाविद्यालय से कर सकते हैं। इस में प्रशिक्षित छात्र विशेष शिक्षक कहे जाते है।

तत्पश्चात प्रो प्रीति सोनी सहायक प्राध्यापक ने बताया कि किसी भी दिव्यांग को जिस भी चीज़ की जरूरत हो उसे मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सारे साधन उपलब्ध कराएं जाते है, ताकि सभी दिव्यांग सक्षम बन सकें। 2016 आरपीडब्लयुडी एक्ट के तहत नौकरी में आरक्षण तय किया गया, साथ ही प्रीति मैडम ने सांकेतिक भाषा के कुछ संकेत जिसमें धन्यवाद, स्वागतम, सहायता हेतु, नाम,पता बताने हेतु सिखाएं। 15 दिन का ऑनलाइन कोर्स भी महाविद्यालय द्वारा आयोजित किए जाते हैं। इच्छुक छात्राएं प्रवेश ले सकती है।

प्रो शिवानी तिवारी ने छात्राओं के माध्यम से सजधज एक्टिविटी द्वारा बताया कि दिव्यांग बच्चों को रोज़मर्रा के जीवन में होने वाली परेशानियों को बताया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक व बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ रोशनी रावत ने व आभार डॉ स्नेहा पंडित ने माना।

## कल गोपाल मंदिर से निकलेगी कलश यात्रा

**रतलाम।** दीनदयाल नगर में 19 से 25 जनवरी तक 51 कुंडीय शिवशक्ति महायज्ञ होगा। आयोजन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। गत दिवस आयोजित बैइक में महायज्ञ को सुव्यवस्थित, भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान 19 जनवरी को प्रात: 9 बजे गोपाल मंदिर, माणक चौक से निकलने वाली भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा को सफल बनाने हेतु सभी समाजों एवं संस्थाओं द्वारा पूर्ण सहयोग देने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। साथ ही यज्ञ कुंड में आहुतियां प्रदान करने हेतु अधिक से अधिक परिवारों को सहभागी बनाने का आग्रह किया गया। बैठक में गुरुदेव श्री श्री 1008 हिंदूरत्न आनंद गिरिजी, महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 देवस्वरूपानंदजी, अखंड ज्ञान आश्रम के महंत श्री नरेंद्र गिरिजी, महर्षि संजय शिवशंकर दवे, काजल गुरु जागीरदार, राजराजेश्वरी देवी, सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष अनिल झालानी, पं. जितेंद्र नागर, नवनीत सोनी, राजेंद्र राठौड़, अनिता कटारिया, जीवन ज्योति सहित क्षेत्रीय पार्षद संगीता सोनी, कविता चौहान, मनोहर राजू सोनी, पूर्व पार्षद राजेंद्र राठौड़ सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। संचालन कृष्णा सोनी व आभार जनक नागल ने माना।

## कांग्रेस पदाधिकारियों ने उपवास रख किया विरोध




**सैलाना।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से जन मानस के साथ खिलवाड़ दो दर्जन निर्दोष लोगों की मौत और केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के कानूनी अधिकारों को समाप्त किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष पूर्व विधायक हर्ष विजय गेहलोत के नेतृत्व में एक दिवसीय उपवास रखकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

सदर बाजार में आयोजित प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गेहलोत ने मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखे आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इंदौर जैसे बड़े शहर में दूषित पेयजल की आपूर्ति प्रशासन की घोर लापरवाही को दर्शाती है, जो सीधे तौर पर आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। गेहलोत ने कहा कि मैं साफ कहना चाहता हूं की न मौतों पर चुप्पी चलेगी, न गरीबों का हक छीनने दिया जाएगा। यह लड़ाई न्याय की है और यह जारी रहेगी।' गेहलोत ने प्रदेश सरकार पर हमला करते हुए कहा कि इंदौर जैसे महा नगर में दूषित पेयजल से दो दर्जन से अधिक निर्दोष लोगों की असामायिक मौतें बड़ी लापरवाही का नतीजा है इस तरह आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने के बाद भी सरकार में बैठे जिम्मेदार मंत्री गेर जिम्मेदाराना जवाब देते रहते है जो सरकार के लिए बेहद शर्मनाक है। कांग्रेस नेता वीरेंद्र सिंह सोलंकी, गुड्डू पार्षद, चंद्र शेखर शर्मा,लक्षण सिंह डिंडोर, जगदीश पाटीदार, श्री राम चौधरी, मंगल पाटीदार,प्रकाश डामोर, छगन भगोरा, राम प्रसाद चंदेल, दिलीप कुमावत इटावा, समरथ टांक सहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पूर्व मंडी अध्यक्ष शेखर गेहलोत, परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश डिंडोर,नरेंद्र गरवाल, जगदीश कुमावत, राधेश्याम पाटीदार, हनी गेहलोत, मंगलेश कसेरा, प्रदीप राठौर, किशोर पाटीदार, हेमंत कुमावत, ओम प्रकाश पाटीदार, ईश्वर पाटीदार, दिनेश सोनी आदि उपस्थित थे। संचालन मंगलेश कसेरा व आभार ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश डिंडोर ने माना।



## सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम की बैठक संपन्न

**रतलाम।** जिले के ग्राम बिलपांक की 2:01 हेक्टेयर अविकसित भूमि के आवंटन हेतु केवल मध्यम उद्योग जिनमें यंत्र संयत्र एवं मशीनरी में निवेश राशि किया जा सकता हैं। जानकारी का लेकर बैठक आयोजित हुई। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र अतुल वाजपेयी ने बताया कि उद्योग संचालनालय मध्यप्रदेश शासन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग भोपाल के आदेशानुसार अन्य जिलों एवं रतलाम जिले के ग्राम बिलपांक की 2:01 हेक्टेयर अविकसित भूमि के आवंटन हेतु केवल मध्यम उद्योग जिनमें यंत्र संयत्र एवं मशीनरी में निवेश राशि रुपए 25 करोड से अधिक एवं राशि रुपए 125 करोड तक और वार्षिक टर्न ओवर राशि रुपए 500 करोड तक हो, की प्रक्रिया 16 जनवरी पूर्वाह्न 11:00 बजे से 30 जनवरी अपरान्हप 5 बजे तक एवं अन्य् जिलों की विकसित भूमि के आबंटन की प्रक्रिया 01 फरवरी पूर्वाह्न 11:00 बजे से 15 फरवरी अपराह्न 5:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर ईओआई आमंत्रित किये है। विस्तृत जानकारी को लेकर बैठक कलेक्टर सभागृह में हुई ।ञ जिसमें विभिन्न 5 उद्योग संघों सहित अन्य व्यवसायिक संघ तथा इच्छुयक उद्यमी उपस्थित थे।

## ग्रामों में पहुंचा कृषि रथ, उन्नत तकनीकों की जानकारी दी


**रतलाम।** उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास मती नीलम सिंह चौहान ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 11 जनवरी से 11 फरवरी तक जिले मे कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है। जिसमें कृषि एवं संबद्ध विषयों जैसे उद्यानिकी, पशुपालन, आत्मा, मत्स्य पालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिकी तकनीकी सुधार की जानकारी कृषकों को दी जा रही। ग्राम पंचायत राजापुरा माताजी ,ग्राम कुशलगढ़ विकासखंड पिपलोदा एवं ग्राम पंचायत पिपलिया जोधा विकासखंड जावरा में कृषि रथ द्वारा भ्रमण कर जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार आदि के संबंध में जानकारी किसानी को दी गई। आज विकासखण्ड आलोट के ग्राम पंचायत माउखेडी, दूधिया, गुलबालोद, बगुनिया, विकासखण्ड पिपलोदा के बरगढ, सोहनगढ, बडायला चौरासी आदि में रथ भ्रमण करेगा।

## प्राचीन हनुमान मंदिर का होगा कायाकल्प व जनसहयोग से होगा मन्दिर का जीर्णोद्धार

नवभारत न्यूज

**जावरा।** आनन्दी शमशान घाट परिसर में स्थित अति प्राचीन हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ हो गया है। बता दें कि उक्त मन्दिर काफी सालों पुराना होकर जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। जीर्ण शीर्ण हो चुके बजरंग बली के इस मन्दिर को नवीन स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से शनिवार को इसकी दीवारें व छत को गिराने की कार्रवाई शुरू की गई। मन्दिर की दीवारों में दरारें पडने व छत का प्लास्टर उखड जाने की स्थिति में इसके कायाकल्प का निर्णय लिया गया। क्षेत्र की पार्षद जानीबाई धाकड के प्रतिनिधि दशरथ कसानिया धाकड ने बताया कि यहां स्थित आनन्दी हनुमान मंदिर बहुत ही प्राचीन होने के साथ ही चमत्कारीक है। उक्त मन्दिर में विराजित वीर हनुमानजी की प्रतिमा दक्षिण मुखी है। उन्होंने बताया कि मंदिर के जीर्णोद्धार का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस संबंध में शीघ्र ही विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर मंदिर समिति का गठन किया जाएगा। उसके पश्चात मन्दिर का नक्शा बनवाया जाकर मन्दिर के भव्य व आकर्षक निर्माण के लिए जनसहयोग से राशि जुटाई जाएगी। कसानिया ने धर्मालुजनों से अपील की है कि स्वेच्छा से भी दानदाता मन्दिर निर्माण में सहयोग राशि प्रदान कर सकता है। यहां राजेश धाकड़, विनोद औरा, राजकुमार सागीत्रा, अनीश कल्याणे, भूपेंद्र नामदेव, सुनील, श्याम आदि की भूमिका सराहनीय रहती है।

**बैठक आयोजित कर मंदिर समिति का करेंगे गठन**



**प्रतियोगिता** — सामान्य ज्ञान एवं तार्किक क्षमता से संबंधित पूछे गए प्रश्न

## ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा में 575 बच्चों ने लिया भाग

नवभारत न्यूज

**जावरा।** जिले में शैक्षणिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन शासकीय कमला नेहरू उमावि में सफलतापूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता में जावरा ब्लाक के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के कक्षा 2 से 8 तक के 575 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, संस्कृत, सामान्य ज्ञान एवं तार्किक क्षमता से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिससे विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता और विश्लेषणात्मक सोच का मूल्यांकन किया जा सके। इस अवसर पर खंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक चरणसिंह चंद्रावत ने बताया कि ओलंपियाड प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना तथा उनकी छिपी प्रतिभाओं को पहचानकर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आगामी राज्य स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। खंड अकादमिक समन्वयक राजेश भावसार ने बताया कि प्रथम चरण की प्रतियोगिता विकासखंड स्तरीय जावरा जनपद के 10 जनशिक्षा केदो पर आयोजित की गई थी इसमें चयनित हुए कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों ने द्वितीय चरण में जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा दी। संपूर्ण परीक्षा दो दिनी चली जिसमें प्रथम दिवस 272 एवं द्वितीय दिवस 303 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया।

### इनका रहा सहयोग

परीक्षा केंद्र का निरीक्षण जिला परियोजना समन्वयक राजेश कुमार झा व सहायक जिला परियोजना समन्वयक मुकेश राठौर एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी ज्योति पटेल ने किया। परीक्षा में सम्मिलित समस्त बच्चों और उनके साथ आए अभिभावक एवं शिक्षकगणों को भोजन भी करवाया गया। परीक्षा आयोजन में केंद्राध्यक्ष सुमित्रा बामनिया, खंड अकादमिक समन्वयक नीता शर्मा, परीक्षा प्रभारी राजेंद्र सोनी, प्रतीक सोलंकी, जन शिक्षक महेंद्र त्रिवेदी, केसर खान, सौरभ गुप्ता, शिवनारायण धाकड़, सादिक खान, अशोक दडिंग, सुनील कदम, सुनील कोठाने, प्यारसिंह पवार, नंदकिशोर कारपेंटर, लालू मईडा, पुरुषोत्तम भाटी एवं पर्यवेक्षक, शिक्षकगण का सराहनीय सहयोग रहा।